मप्र उच्च न्यायालय में आईवीएसएस, कोर्ट रूम लाइव ऑडियो वज़िुअल स्ट्रीमगि ससि्टम (क्लास), ओटीटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

चर्चा में क्यों

21 दसिंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि मिलमिथ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में आम नागरिकों की सहूलयित के लयि एकीकृत वीडियो नगिरानी प्रणाली (आईवीएसएस), कोर्ट रूम लाइव ऑडियो वजिुअल स्ट्रीमगि ससि्टम (क्लास) तथा ओटीटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ कयिा।

प्रमुख बदिु

- उच्च न्यायालय जबलपुर में वीडियो नगिरानी प्रणाली और कोर्ट रूम लाइव ऑडियो वजिुअल स्ट्रीमगि ससि्टम-क्लास परयिोजनाएं प्रारंभ हो गई हैं।
- यह देश में पहली बार है, जब कसिी राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा राज्य में सभी ज़िला और तहसील अदालतों के लिए कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमगि की व्यवस्था की गई है।
- यह अपने आप में देश की एक अग्रणी परयिोजना है जो पारदर्शति और जवाबदेही के सद्धिांतों को अपनाती है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने जम्मिेदार नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अन्य अदालतों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कयिा है।
- यह भारतीय न्यायकि प्रणाली के इतिहास में एक अग्रणी तकनीकी परयिोजना है जो उच्च न्यायालय द्वारा प्रशासति अदालत परसिर को सुरक्षति और पारदर्शी बनाएगी। नई प्रौद्योगकिी को अपनाने और उनका एकीकरण मध्य प्रदेश न्यायपालकिा को डजिटिल युग के लिए तैयार करेगा।
- वर्तमान स्थतिि में, वर्चुअल कोर्ट रूम एक वास्तवकि आवश्यकता है और यह परयिोजना उस दशिा में एक कदम है। लाइव स्ट्रीमगि के साथ-साथ मामलों की ऑडियो और वीडियो रकिॉर्डगि कानून की शक्षिा में एक शक्तशिाली उपकरण होगी और आने वाले दशकों में लाखों कानून के छात्रों को लाभ पहुंच सकती है, कसिी भी अदालत कक्ष को इंटरनेट पर लाइव देखा जा सकता है।
- पायलट चरण के तहत, जबलपुर में एक केंद्रीकृत कमांड और नयिंत्रण केंद्र (सीसीसी) और इंदौर में आपदा रकिवरी साइट स्थापति की गई है। जबलपुर के ज़िला न्यायालय और पाटन और सहिोरा के तहसील न्यायालयों में एकीकृत वीडियो नगिरानी प्रणाली (आईवीएसएस) चालू की गई है। इसी प्रकार, जबलपुर ज़िला न्यायालय के एक न्यायालय कक्ष और पाटन और सहिोरा के प्रत्येक तहसील न्यायालय के एक न्यायालय कक्ष में कोर्ट रूम लाइव ऑडियो वजिुअल स्ट्रीमगि ससि्टम (क्लास) का कार्यान्वयन पूरा हो गया है।
- परयिोजना के राज्यव्यापी क्रयिान्वयन के बाद के चरण दसिंबर 2024 तक पूरे होने की उम्मीद है। आईवीएसएस एवं क्लास परयिोजना के क्रयिान्वयन से न्यायालयों की सुरक्षा मजबूत होगी।
- **आईवीएसएस और क्लास-**
  - एकीकृत वीडियो प्रबंधन प्रणाली।
  - कोर्ट रूम ऑडियो-वजिुअल रकिॉर्डगि ससि्टम।
  - संग्रह और लाइव के साथ-साथ ऑन-डमिांड स्ट्रीमगि सेट-अप।
  - जबलपुर में डेटा सेंटर एवं कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना।
  - इंदौर में डजिास्टर रकिवरी सेट-अप।
  - सुवधिा प्रबंधन सेवाएँ और संचालन एवं रखरखाव।
  - वर्ष की अवधि के लिए परयिोजना की कुल लागत 189.25 करोड़ रुपए होगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ivss-court-room-live-audio-visual-streaming-system-class-ott-platform-launched-in-madhya-pradesh-high-court